समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# जयपुर मे 'सिंदूर यात्रा अभियान' की प्रदेश संचालन समिति की बैठक संपन्न, महिला सशक्तिकरण पर बनी रणनीति।

Publisher

Published on 23 May 2025




## सांसद मंजू शर्मा, डॉ. अपूर्वा सिंह पाठक और जयश्री गर्ग की मौजूदगी मे तंय हुए आगामी अभियान के दिशा-निर्देश।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर | 24 मई 2025: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान के प्रदेश कार्यालय, जयपुर** में आज "**सिंदूर यात्रा अभियान**" की **प्रदेश संचालन समिति** की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान से जुड़े प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

बैठक की अध्यक्षता **जयपुर सांसद एवं अभियान संयोजक श्रीमती मंजू शर्मा** ने की। उनके साथ मौजूद रहीं **भाजपा प्रवक्ता और सह-संयोजिका डॉ. अपूर्वा सिंह पाठक** तथा **महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती जयश्री गर्ग**। इस बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**बैठक मे हुए प्रमुख निर्णय :**

१. "**सिंदूर यात्रा अभियान**" के अगले चरण की **रणनीति पर विस्तार** से चर्चा

२. **महिला सशक्तिकरण** के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए **वृहद जनसंपर्क योजना** पर बल

३. अभियान को **संगठनात्मक समन्वय** के साथ **राज्य भर मे मंजबूत** करने की रूपरेखा तैयार की गई

४. बैठक में तय किया गया कि अभियान को ग्राम स्तर तक ले जाया जाएगा, ताकि **सांस्कृतिक मूल्यों, नारी सम्मान** और

**स्वाभिमान** का संदेश आमजन तक पहुंचे।

नेताओं की प्रतिक्रियाएं:

१. **श्रीमती मंजू शर्मा** ने कहा, “सिंदूर यात्रा नारी शक्ति का प्रतीक है, यह अभियान मातृशक्ति के जागरण का माध्यम बनेगा।”

२. **डॉ. अपूर्वा सिंह पाठक** ने कहा, “हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस यात्रा को एक सामाजिक जागरूकता आंदोलन में बदलें।”

३. **श्रीमती जयश्री गर्ग** ने कहा, “यह अभियान हर महिला के आत्मबल और आत्मसम्मान की आवाज बनेगा।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.